बेटियों ने बढ़ाया वेटेरिनरी विश्वविद्यालय का गौरव

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत आने वाले पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर की तीन स्नातक छात्राओं जाग्रति सिंह, मोनिशा प्रभाकरण एवं हर्षिता राघव ने भारतीय सेना की रिमाउन्ट वेटेरिनरी कोर में कप्तान के पद पर चयनित होकर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। ज्ञात हो कि वेटेरिनरी कोर में इस वर्ष पहली बार महिला सैन्य अधिकारियों का चयन हुआ है, पूरे देश में केवल 4 सैन्य अधिकारी चयनित हुई है, इसमें 3 पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर से चयनित हुई है। इस अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कर्नल कमांडेंट प्रोफेसर एस पी तिवारी जी ने अपना शुभाशीष दिया। साथ ही महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, वेटेरनरी कमान जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल विवेक मिश्रा ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर